हिन्दुस्तान
जमशेदपुर, शनिवार, 29 जून 2024

# 3.5 लाख के पैकेज पर 12 विद्यार्थियों को जॉब ऑफर

जमशेदपुर, प्रमुख संवाददाता। नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट इकाई की ओर से विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें आईटी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कंपनी टीसीएस, डेलॉयट, रिग्रो टेक इंडिया, पिक इंफोकॉम शामिल हुईं। इन कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का एसोसिएट सॉफ्टवेयर टेस्ट इंजीनियर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर चयन किया। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए व एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इनमें से 12 छात्र-छात्राओं ने रोजगार प्राप्त करने में सफलता हासिल की। चयनित सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान औसतन 3.5 लाख का वार्षिक वेतनमान मिलेगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी। कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए और एमसीए के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों में सृष्टि आर्या, मुस्कान, ओवैस रज़ा, आरिफ अंसारी, आकांक्षा कुमारी, दिपेश साव, प्रोतिमा कुंभकार, निशांत बोरकर, अश्विनी कुमार, ज्योति एवं जावेद शामिल हैं।